प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

4 days "Improvement in Police Behaviour"

दिनांक **04-07-2022 से 07-07-2022**

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।

राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक 04-07-2022 से 07-07-202 तक "**Improvement in Police Behaviour**" विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रान्फ्रेन्स न0 02 में आयोजित किया गया। राजस्थान पुलिस अकादमी के उप महानिरीक्षक श्री कैलाश चन्द्र जाट, के निर्देशन में प्रबुद्ध वक्ताओं को व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से **24** प्रतिभागियों जिसमें- 06 पुलिस निरीक्षक, 18 उप निरीक्षक ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन **10:00-10:30 AM** तक पंजीकरण एवं कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। प्रथम सत्र में श्री कैलाश चन्द्र जाट, आरपीए जयपुर ने पुलिस अधिकारियों के लिये संचार कौशल के बारे में विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में श्री जी. एल. शर्मा, महानिरीक्षक पुलिस, (सेवानिवृत्त) ने पुलिस व्यवहार एवं मानवाधिकार के बारे में विस्तार से बताया। तृतीय सत्र श्रीमती सीमा हिगोनियां, सहायक निदेशक (आउटडोर), आरपीए जयपुर ने Role play exercise on police response, teams formation के बारे में बताया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में श्री एस.एस. बत्रा, प्रेरक वक्ता, ने पुलिस कर्मियों में तनाव कम करने के लिए खुश रहने के बारे में विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में श्री धन्ना राम, एडीजे, (सेवानिवृत्त) ने पुलिस और सार्वजनिक छवि: एक न्यायिक परिप्रेक्ष्य पर विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री यशपाल यश संस्थापक सह संयोजक ने ओमाश्रे सेवाधाम जयपुर का भ्रमण करवाया।

तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्रीमती सीमा हिगोनियां, सहायक निदेशक (आउटडोर), आरपीए जयपुर ने बेहतर पुलिस जनसंपर्क के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रस्तुति के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्री हेमन्त नाहटा, एडवोकेट हाई कोर्ट, जयपुर ने पुलिस व्यवहार- अपेक्षा और जमीनी हकीकत, बिना किसी दबाव के मुखर संचार पर व्याख्यान दिया। तृतीय सत्र में श्री गोविन्द पारीक, अतिरिक्त, निदेशक पीआर, जयपुर ने मीडिया का प्रबंधन और जनमत का निर्माण के बारे में विस्तार से बताया।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में श्री कैलाश चन्द्र जाट, उप महानिरीक्षक आरपीए, जयपुर ने Viewing of role plays, observations, discussions & conclusion के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्रीमती सुनिता मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर ने महिलाओं के मामले में पुलिस व्यवहार में सुधार के बारे में विस्तार रूप से बताया। तृतीय सत्र में श्री पारिस देशमुख, पुलिस उपायुक्त उत्तर जयपुर ने सामुदायिक पुलिसिंग द्वारा पुलिस व्यवहार में सुधार पर विस्तार से चर्चा की। श्री पारिस देशमुख, पुलिस उपायुक्त के मुख्य अतिथित्य में कोर्स के समापन सत्र का आयोजन किया गया जिनके द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कोर्स के अन्त में कोर्स डायरेक्टर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स का विधिवत समापन किया गया।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक